# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 7 July 2026

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान सहित 13 राज्यों में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए 'किस रोडमैप 2030' का शुभारंभ किया गया है?

(A) ममता रोडमैप 2030

(B) सवेरा रोडमैप 2030

(C) सुमन रोडमैप 2030

(D) इनमें से कोई नही

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए 'सुमन रोडमैप 2030' का शुभारंभ किया।

उद्देश्य वर्ष 2030 तक मातृ मृत्यु अनुपात (MMR) को प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर 70 से कम करना है। साथ ही, इसका लक्ष्य नवजात मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना तथा रोकी जा सकने वाली मातृ एवं नवजात मृत्यु को शून्य के स्तर तक लाना है।

यह पहल 13 उच्च-प्राथमिकता वाले राज्यों के 130 जिलों पर केंद्रित है, जिनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, असम तथा पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

## Yesterday Revision

**प्रश्न 01. जोधपुर हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का निर्माण कितनी लागत से किया गया है?**

**उत्तर: लगभग 480 करोड़ रुपये की लागत से।**

**प्रश्न 02. आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के SDG इंडेक्स-2025 में कौन सा जिला लगातार दूसरे वर्ष पहले स्थान पर रहा?**

**उत्तर: झुंझुनूं जिला (67.13 अंक)।**

**प्रश्न 03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आधारशिला रखी गई जयपुर मेट्रो फेज़-2 परियोजना को क्या नाम दिया गया है?**

**उत्तर: 'ऑरेंज लाइन' (Orange Line)।**

**प्रश्न 04. बीकानेर के पूगल में देश के सबसे बड़े 2450 मेगावाट सोलर प्लांट में कितने मेगावाट की बैटरी स्टोरेज प्रणाली लगाई जाएगी?**

**उत्तर: 1600 मेगावाट (6,400 मेगावाट-घंटा)।**

**प्रश्न 05. जून 2026 में राजस्थान के पहले एंटरप्राइज़-ग्रेड और अत्याधुनिक AI-Ready डेटा सेंटर का उद्घाटन कहाँ किया गया?**

**उत्तर: सीतापुरा (टोंक रोड), जयपुर में।**

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) विश्व की वृहद् अन्न भण्डारण योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

(B) राजस्थान 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों के निर्माण के लिए 25 लाख रुपये तक का अनुदान उपलब्ध करवाने वाला भी देश का एकमात्र राज्य है।

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- विश्व की वृहद् अन्न भण्डारण योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।
- 500 मीट्रिक टन क्षमता के नये गोदामों के निर्माण के अंतर्गत 200 गोदामों के लक्ष्य के विरुद्ध 190 गोदामों की स्वीकृति जारी की जा चुकी है जबकि, 120 गोदामों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।
- राजस्थान 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों के निर्माण के लिए 25 लाख रुपये तक का अनुदान उपलब्ध करवाने वाला भी देश का एकमात्र राज्य है।
- अनाज भंडारण योजना: यह एक केंद्रीय क्षेत्र की पहल है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में विकेंद्रीकृत खाद्यान्न भंडारण अवसंरचना का निर्माण करना है।

यह सरकार के 'सहकार से समृद्धि' (सहयोग के माध्यम से समृद्धि) के दृष्टिकोण का एक प्रमुख घटक है।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर राजस्थान के 4 प्रमुख शहरों के पार्क के नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

(B) डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती हर वर्ष 6 जुलाई को मनाई जाती है

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर सीएम भजनलाल शर्मा ने राज्य के 4 सबसे बड़े और महत्वपूर्ण शहरों- जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर में स्थित प्रमुख सार्वजनिक पार्कों का नामकरण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती हर वर्ष 6 जुलाई को मनाई जाती है।
- पार्कों में उनके जीवन और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को समर्पित भव्य स्मारकों का निर्माण भी किया जाएगा।
- वुडलैंड पार्क ( जयपुर) – सेंट्रल पार्क (जोधपुर) रामचंद्रपुरा अटवाल ( कोटा) उदयपुर की सेक्टर-12 में पार्क का नाम बदल दिए गए

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

03. राजस्थान में पहलवानों के लिए राजस्थान राज्य कुश्ती संघ द्वारा कौनसी योजना शुरू की गई है ?

(A) बैक टू बाउट योजना

(B) राज पहल योजना

(C) वर्क बैंक योजना

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान राज्य कुश्ती संघ द्वारा शुरू की गई बैक टू बाउट योजना का मुख्य उद्देश्य घायल पहलवानों को आर्थिक संबल प्रदान करना और उन्हें फिर से मैट पर लौटने के लिए प्रेरित करना है।
- वित्तीय सहायता: कुश्ती के दौरान चोटिल होने वाले पहलवानों को बैक टू बाउट योजना के तहत ₹51,000 की सहायता राशि दी जाती है।
- इस योजना के तहत राज्य में 'पहलवान पेंशन' की शुरुआत भी की गई है

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) केशवरायपाटन (बूंदी) में आइडियल पब्लिक एजुकेशन सोसायटी की ओर से औषधीय पौधों में नवीन प्रगतियों विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन मनाया गया

(B) सम्मेलन में कई राज्यों और जिलों से आए 120 से अधिक किसान, शिक्षक, शोध छात्र, वैज्ञानिक और औषधीय पौधों के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- केशवरायपाटन (बूंदी) में आइडियल पब्लिक एजुकेशन सोसायटी की ओर से औषधीय पौधों में नवीन प्रगतियों विषय पर 25-26 जून दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन मनाया गया।
- इस सम्मेलन में बिना मिट्टी के केवल पानी और पोषक तत्वों वाले हाइड्रोपोनिक (Hydroponic) तकनीक से औषधीय पौधों की खेती पर विशेष चर्चा की गई

इस तकनीक को 'हरित स्वर्ण' (Green Gold) का नाम दिया गया, जो किसानों की आय बढ़ाने में काफी मददगार साबित हो सकती है

- सम्मेलन में देश के छह राज्यों से आए वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने औषधीय पौधों के क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों, तकनीकी नवाचारों और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।
- सम्मेलन में कई राज्यों और जिलों से आए 120 से अधिक किसान, शिक्षक, शोध छात्र, वैज्ञानिक और औषधीय पौधों के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया

**05. हाल ही में राज्य स्तरीय सब जूनियर तैराकी चैम्पियनशिप में ओवरऑल चैंपियन कौनसी टीम रही थी?**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राज्य स्तरीय सब जूनियर तैराकी का आयोजन 3 से 5 जुलाई तक महाराणा प्रताप खेलगांव में हुआ।
- इस प्रतियोगिता में जयपुर ने 187 अंक के साथ ओवरऑल चैम्पियनशिप जीती। जयपुर के लिए प्रतीक कूरिया (25 अंक, ग्रुप-3) और यशस्वी तिवाड़ी (19 अंक, ग्रुप-4) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई।
- इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर सब जूनियर नेशनल के लिए राजस्थान टीम का चयन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता अगस्त माह के पहले सप्ताह में आयोजित होगी

जयपुर, रविवार, 05 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-136

1. **सरिस्का** में 28 जून को 'सरिस्का डे' मनाने की शुरुआत वर्ष 2025 में किस बाघिन की स्मृति में की गई थी?
(A) बाघिन मछली
(B) बाघिन राजमाता
(C) बाघिन टी-16
(D) बाघिन सुल्ताना

2. **यमुना** का पानी भूमिगत पाइपलाइन द्वारा राजस्थान के किस जिले में स्थित 'हंसियावास' जलाशय तक पहुंचाया जाएगा?
(A) सीकर
(B) झुंझुनूं
(C) चूरू
(D) बीकानेर

3. **दो** दिवसीय '29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन' का आयोजन राजस्थान के किस जिले में किया गया?
(A) जोधपुर
(B) जयपुर
(C) अजमेर
(D) उदयपुर

4. **'वीबी** जी राम जी योजना' के तहत ग्रामीण श्रमिकों के लिए सालाना रोजगार की कानूनी गारंटी बढ़ाकर कितने दिन कर दिया गया है?
(A) 120 दिन
(B) 200 दिन
(C) 150 दिन
(D) 125 दिन

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत करौली जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) स्लेट स्टोन के उत्पाद
(B) सेण्ड स्टोन के उत्पाद
(C) स्टोन आधारित उत्पाद
(D) पान मैथी एवं मसाला प्रसंस्करण

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राजस्थान के पहले एंटरप्राइज़-ग्रेड और अत्याधुनिक एआई-रेडी डेटा सेंटर का उद्घाटन कहां किया गया है?**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine